an>

Title: Need to formulate schemes to check floods from rivers of Nepal destroying cultivation in Nanpare Tehsil in Bahraich Parliamentary Constituency of Uttar Pradesh.

साध्वी सावित्री बाई फुले (बहराइच) : माननीय अध्यक्ष महोदया, आपने मुझे भारत की सबसे बड़ी पंचायत में बोलने का अवसर दिया है, इसके लिए मैं आपकी आभारी हूँ। महोदया, मैं अपने संसदीय क्षेत्र बहराइच, उत्तर प्रदेश, ग्राम पंचायत बुझिया, ग्राम पंचायत विकास खण्ड, तहसील नानपारा की तरफ सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री का ध्यान आकर्षित कराना चाहती हूँ। भारत सरकार द्वारा सन् 1959 व सन् 1960 में उपरोक्त ग्राम पंचायत की 792 एकड़ भूमि समाज कल्याण विभाग द्वारा सौ परिवारों को कृषि कार्य करने के लिए अनुसूचित जातियों को सुरक्षित कर दी गई थी। किंतु उस भूमि पर कुछ गैर जनपद, गैर ग्राम पंचायत के अन्य वर्ग के लोगों ने कब्जा कर लिया है। ऐसी स्थिति में उस भूमि को खाली करवा कर पात्र व्यक्तियों को वितरण करने का कार्य किया जाए। ...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : सावित्री जी, आपने जो विषय लिख कर दिया है, उससे संबंधित मुद्दा उठाएं। आपने जो नोटिस दिया है, उसी के बारे में मुद्दा उठाना है। आपने अपने संसदीय क्षेत्र बहराइच की नानपारे तहसील में जो कल्टिवेशन डिस्ट्राय होता है, उसको चैक करने की कुछ बात की है। आप उसी विषय पर अपनी बात रखिए।

â€¦(व्यवधान)

साध्वी सावित्री बाई फुले : मैं अपने संसदीय क्षेत्र बहराइच, उत्तर प्रदेश के ग्राम पंचायत बोझिया मझाँव, विकास खण्ड मिहीनपुरवा, तहसील नानपारा की तरफ माननीय मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करना चाहती हूँ। भारत सरकार द्वारा सन् 1959 व 1960 में उपरोक्त ग्राम पंचायत की 792 एकड़ भूमि समाज कल्याण विभाग द्वारा अनुसूचित जाति विमुक्ति जाति के सौ परिवारों को कृषि करने के लिए सुरक्षित कर दी गई थी। किंतु उस भूमि को कुछ गैर जनपद तथा गैर ग्राम पंचायत के अन्य वर्ग के लोगों ने कब्जा कर लिया है। ऐसी स्थिति में उस जमीन को खाली करवा कर पात्र व्यक्तियों को वितरण करने के लिए विभाग को आदेश कर दिया जाए।